प्रेस नोट

<u>दिनांक 07.03.2025</u>

27वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज की पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन व पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में 03 दिवसीय 27वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज की पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 06 मार्च 2025 से पुलिस परेड ग्राउण्ड, जनपद हमीरपुर में किया जा रहा है ।

आज दिनांक 07.03.2025 को प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले देखे गए। 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में अजीत (जनपद बांदा) प्रथम, आशीष (जनपद हमीरपुर) द्वितीय व आशीष (जनपद कौशाम्बी) तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर रिले (महिला वर्ग) में जनपद प्रयागराज ने प्रथम और हमीरपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले (पुरुष वर्ग) में प्रथम स्थान प्रयागराज, द्वितीय हमीरपुर और तृतीय स्थान बांदा ने हासिल किया। 400 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में अभिषेक राय (प्रयागराज) प्रथम और मनोज (हमीरपुर) द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में बबिता (प्रयागराज) प्रथम, वर्षा (हमीरपुर) द्वितीय और दीपिका (बांदा) तृतीय रहीं। 5000 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में गोपाल बाथम (फतेहपुर) प्रथम और दिलीप दुबे (हमीरपुर) द्वितीय रहे। 5000 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में अमित मिश्रा (प्रयागराज) प्रथम और सुधा सिंह (हमीरपुर) द्वितीय स्थान पर रहीं। इस प्रकार दूसरे दिन के मुकाबले भी अत्यंत उत्साहजनक और सफल रहे।